27-02-2026

# कस्तूरबा गांधी की छात्राएं को स्वदेश मिल्क के निदेशक ने झंडी दिखा कर किया रवाना

**धारा लक्ष्य समाचार, बाराबंकी।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पीयूष उपाध्याय ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शासनादेश के अनुरूप छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बस में दो महिला पुलिस कर्मियों तथा चिकित्सकीय टीम की व्यवस्था की गई है।

स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पीयूष उपाध्याय ने कहा कि कक्षा के बाहर सीखने का अनुभव छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उनमें नई जिज्ञासाओं का संचार करता है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण पर जा रही करीब 4 सौ बालिकाओं को स्कूल ड्रेस प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह केवल ड्रेस वितरण नहीं, बल्कि उनके सपनों को संबल देने और आत्मविश्वास जगाने का एक विनम्र प्रयास है।